3. मेट्टुगुडा अं० के समीप
4. हैदराबाद स्टेशन के परिचलन क्षेत्र के सन्निकट
5. बेगमपेट स्टेशन के परिचलन क्षेत्र के सन्निकट

दक्षिण-पूर्व रेलवे

1. हुगली शालीमार के पश्चिमी तट के समीप (वायुमंडल और भूमि)
2. टाटानगर रेलवे स्टेशन के समीप
3. विशाखापतनम रेलवे स्टेशन के समीप
4. विजाग में राष्ट्रीय महामार्ग सं० 5 के सन्निकट
5. ईस्ट प्वाइंट रेलवे कालोनी में तट के समीप ।

पश्चिम रेलवे

1. चर्चगेट स्टेशन के समीप
2. दादर स्टेशन के समीप (वायुमंडल एवं भूमि)
3. दादर/बांद्रा स्टेशन के समीप (वायु-मंडल और भूमि)
4. बांद्रा/अंधेरी स्टेशन के समीप (वायु-मंडल)
5. अंधेरी/बोरिवली स्टेशन के समीप (वायुमंडल एवं भूमि)
6. पालघर स्टेशन के समीप
7. वापी स्टेशन के समीप
8. वहानु रोड स्टेशन के समीप
9. वलसाड स्टेशन के समीप
10. मिलाड स्टेशन के समीप
11. साबरमती स्टेशन के समीप
12. ईदगाह स्टेशन के समीप
13. रामगंज मण्डी स्टेशन के समीप
14. बांदीकुई स्टेशन के समीप
15. उदयपुर सिटी स्टेशन के समीप
16. गांधीधाम स्टेशन के समीप ।

(घ) भाग (क) और (ख) के उत्तर को देखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश के रेलवे स्टेशनों पर विश्राम गृह ।

1518. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने उत्तर प्रदेश के किन्हीं रेलवे स्टेशनों पर विश्राम गृह की सुविधाएं प्रदान की हैं ;

(ख) यदि हां तो इन स्टेशनों के नाम क्या हैं और ये स्टेशन किन-किन मण्डल क्षेत्रों के अन्तर्गत आते हैं ; और

(ग) उत्तर प्रदेश में किन-किन स्टेशनों पर विश्राम गृह नहीं हैं ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) : (क) से (ग) सूचना इकट्ठी की जा रही है और सभापटल पर रख दी जाएगी ।

त्रिपुरा में कुमार घाट से अगरतला तक रेलवे लाइन ।

1519. **श्री शंकर दयाल सिंह :** क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या त्रिपुरा में कुमार घाट से अगरतला तक रेलवे लाइन ले जाये जाने की कोई योजना है ;

(ख) यदि हां तो क्या इस संबंध में कोई सर्वेक्षण किया गया है ; और

(ग) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मल्लिकार्जुन) (क) से (ग) रेलवे लाइन को कुमारघाट से अगरतला तक बढ़ाने के लिए एक सर्वेक्षण किया जा रहा है जिसके 1993-94 तक पूरा हो जाने की आशा है, परियोजना पर आगे विचार